अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा**

रमेश बनाम गैंदाराम वगै0

किस्म मुकदमा– दावा तकास्मा एवं स्थायी निषे0

मु0नं0–238 / 2021

पीठासीन अधिकारी– डॉ0 नवनीत कुमार (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
30.05.2025	पत्रावली वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। वादी अधिवक्ता की बहस का मनन किया गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में न्यायालय हाजा द्वारा दिनांक 02.07.2024 को प्राथमिक डिक्री जारी की गई है जिसकी पालना में तहसीलदार सिकराय द्वारा कुर्रेजात प्रस्ताव पेश किए जा चुके है। विभाजन प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। वादी अधिवक्ता द्वारा भी विभाजन प्रस्ताव अनुसार अंतिम डिक्री जारी करने का निवेदन किया गया है। विभाजन प्रस्ताव एवं पत्रावली के अवलोकन से विभाजन प्रस्ताव स्वीकार कर अंतिम डिक्री जारी किया जाना न्यायोचित है। प्रकरण में तहसीलदार सिकराय द्वारा पेश विभाजन प्रस्ताव स्वीकार कर वादपत्र अंतिम डिक्री किया जाता है। तहसीलदार सिकराय मुताबिक विभाजन प्रस्ताव राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करें। उपरोक्तानुसार अंतिम डिक्री जारी हो। तहसीलदार सिकराय को पालना तहरीर जारी हो। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा	उपखण्ड अधिकारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट सिकराय जिला-दौसा (राज.)